DATE
PAGE NO.

# 'तीज उत्सव'
## ई-काव्य गोष्ठी

दिनांक 23 जुलाई, 2020 को महाविद्यालय की साहित्य परिषद ने अखिल भारतीय साहित्य परिषद, जींद के संयुक्त तत्वावधान में तीज पर्व के उपलक्ष्य में सांय 4 बजे ई-काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि रूप में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष एवं युवा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की निदेशक डॉ. ज्योति श्योराण की उपस्थिति शोभायमान थी। आयोजन की अध्यक्षता वरिष्ठ एवं ख्यातिलब्ध कवि डॉ॰ मनोज भारत ने की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ॰ मञ्जुलता रेढू ने विशेष रूप से आयोजन के ई रूप के विषय में कहा कि कोरोना महामारी ने वैयक्तिक जीवन को ही नहीं बदला अपितु हमारे सामाजिक जीवन, परिवेश, त्योहार मनाने के ढंग तक को बदल दिया है। घर से बाहर निकलना और पारस्परिक मेल जोल सम्भव नहीं, परंतु त्योहार के माध्यम से छात्राओं को संदेश देना और सांस्कृतिक मूल्यों की धरोहर उन्हें सौंपना आवश्यक है। इसी कारण यह त्योहार इस रूप में उल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। परिषद संयोजक प्रो॰ दीपक कुमार एवं प्रो॰ संजय कुमार के अनुसार आयोजन में प्रतिभागिता साहित्य के सशक्त हस्ताक्षरों की रही। यह आयोजन मात्र जिलास्तरीय नहीं अपितु राज्य की सीमाओं को लांघता हुआ राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हुआ। यह महाविद्यालय के लिए गौरव शाली आयोजन सिद्ध हुआ।

संयोजक
प्रो॰ दीपक कुमार (हस्ताक्षर)
संजय कुमार (हस्ताक्षर)

(हस्ताक्षर)

## 'हिन्दी दिवस उत्सव'
## 14 सितम्बर 2020

DATE
PAGE NO.

14 सितम्बर 2020 को राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा (जींद) के प्रांगण में 'हिन्दी विभाग' व 'साहित्य परिषद्' के तत्वावधान पर हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर निबन्ध, कविता और स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष की छात्रा कविता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अमने ने द्वितीय स्थान और प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा, स्लोगन व कविता में बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा वर्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, आरती ने द्वितीय और वर्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन दोनों प्रतियोगिताओं में निर्णायक मण्डल अध्यक्षता श्री दीपक कुमार जी (अंग्रेजी) श्रीमती कविता जी (वाणिज्य विभाग) श्रीमती पूनम जी (गणित) श्री रतीन जी (इतिहास) श्री प्रदीप जी (भूगोल) मौजूद रहे। महाविद्यालय में विशेष समारोह में सभी प्राध्यापकों ने हिन्दी के गौरव का गान किया। प्राचार्या डॉ. मंजूलता जी ने कहा कि हिन्दी को अपनाते हुए लेशमात्र भी हिचकिचाने की आवश्यकता नहीं। क्योंकि हिन्दी तो माँ है, माँ के साथ चलने की शर्म कैसी। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष श्री संजय कुमार जी हिन्दी भाषा के महत्व बताए

संजय

15-9-2020

# हिंदी दिवस पर पिल्लूखेड़ा कालेज में कविता व निबंध लेखन में दिखी प्रतिभा

जागरण संवाददाता, जींद : राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा ने हिंदी दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाया। महाविद्यालय के हिंदी विभाग एवं साहित्य परिषद ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय की छात्राओं को हिंदी की महत्ता का संस्कार देते हुए कविता लेखन, निबंध लेखन, नारा लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की।

महाविद्यालय में विशेष समारोह में सभी प्राध्यापकों ने हिंदी के गौरव का गान किया। प्राचार्य डा. मंजू लता ने कहा कि हिंदी को अपनाते हुए लेशमात्र भी हिचकिचाने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि हिंदी तो मां है, मां के साथ चलने में शर्म कैसी। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी से वैर भाव नहीं है। परन्तु हिंदी को साथ लेकर चलना कर्तव्य है। प्रोफेसर संजय कुमार हिंदी विभागाध्यक्ष, साहित्य परिषद के प्रभारी प्रोफेसर दीपक कुमार, इतिहास विषय के प्राध्यापक वीन कुमार, गणित विभाग की प्राध्यापिका पूनम कुमारी, वाणिज्य विभाग की अध्यक्ष बबीता पवार, भूगोल विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रदीप कुमार, अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर देवेंद्र कुमार ने भी हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ने कहा कि विजेता छात्राओं को महाविद्यालय खोलने पर पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा।



पिल्लूखेड़ा कन्या कालेज में हिंदी दिवस पर मौजूद प्राचार्य डा. मंजू लता और प्राध्यापक। • कालेज पी.आर

2 अक्तूबर 2020

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमन्त्री लाल बहादुर की जयन्ती

दिनांक 1 अक्तूबर 2020 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमन्त्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जन्म दिवस की संध्या के उपलक्ष्य में महाविद्यालय की 'साहित्य परिषद्' एवं राष्ट्रीय पर्व एवं विशेष दिवस आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में दोनो महान विभूतियों के जीवन, आदर्शों, जीवन मूल्यों से प्रेरणा ग्रहण करने हेतु महाविद्यालय की छात्राओं की प्रतिभा संवर्धन, ज्ञान एवं मनोबल वृद्धि हेतु 'भाषण प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता गूगल मीट माध्यम से करवाई गई। इस प्रतियोगिता में 20 छात्राओं ने भाग लिया। इस शुभ अवसर पर प्राचार्य डॉ॰ मणाालता जी ने कहा 2 अक्तूबर का दिन भारतीयों के लिए विशेष दिन है। यह दिन पैदा हुए महापुरुषों के जीवन से लेने का दिन है। इस भाषण प्रतियोगिता के संयोजक श्री प्रदीप कुमार जी (भूगोल) प्राध्यापक श्री संजय कुमार जी (हिन्दी) रहे हैं। इस भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की अध्यक्षता की श्री दीपक कुमार जी (अंग्रेजी) ~~[illegible]~~ श्रीमती बबीता जी पूनम जी, श्री रतीन जी, श्री ~~[illegible]~~ प्रदीप कुमार जी रहे। इस भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय वर्ष की छात्रा कविता, ज्योति और तृतीय स्थान प्राप्त किया वर्षा ने।

संजय
[signature]

Kumar

[signature]
5/10/2020

PAGE NO.

2-10-2020

हरिभूमि

# भाषण प्रतियोगिता में कविता रही प्रथम

जींद। राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 20 बच्चों ने भाग लिया। प्राचार्या डा. मंजूलता ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन गूगल मीट के माध्यम से किया गया। इस भाषण प्रतियोगिता के संयोजक असिस्टेंट प्रो. प्रदीप कुमार, संजय कुमार रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका बबीता, पूनम देवी, दीपक कुमार, देवेंद्र व प्रीन कुमार ने निभाई। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कविता ने प्रथम, ज्योति ने द्वितीय और वर्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)

दिनांक:02-10-2020

## राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजन

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में महान विभूतियों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती राष्ट्रीय दिवस के रूप में उल्लास पूर्वक मनाई गई ।जयंती समारोह केवल महाविद्यालय या जिला स्तर पर नहीं अपितु राज्य स्तर पर मनाया गया। प्राचार्या डॉ मञ्जुलता ने कहा कि दो अक्टूबर का दिन हम सब भारतीयों के लिए विशेष दिन है । इस दिन पैदा हुए महापुरुषों के जीवन से सीख लेने का दिन है ।यह सीख और संस्कार ग्राह्यता केवल वैयक्तिक सीमित स्तर पर नहीं होनी चाहिए, अपितु जितना भी संभव हो सके,हम अपनी आने वाली संतति को गांधीजी और लाल बहादुर शास्त्री जी द्वारा दिए गए जीवन मूल्य एवं सिद्धांतों से जोड़ें ।

इसीलिए महाविद्यालय की साहित्य परिषद द्वारा यह आयोजन ऑनलाइन माध्यम द्वारा राज्य के सभी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। प्रसन्नता का विषय यह रहा कि इस आयोजन में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य के 28 महाविद्यालयों के 155 प्रतिभावान प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की ।परिषद प्रभारी प्रोफेसर दीपक कुमार एवं संयोजक प्रोफेसर संजय कुमार ने बताया कि राज्य के 28विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों का इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेना हर्ष का विषय रहा।परिषदप्रभारी एवं संयोजक के अनुसार विद्यार्थियों का अंक ग्रहण स्तर बहुत ऊंचा रहा ।

प्रारंभ स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर्स एजुकेशन, झज्जर की छात्रा सुप्रिया भारती ने प्रथम, धीरज राज ने द्वितीय और पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक की छात्रा संगीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र ईमेल के माध्यम से भेजे गए।प्राचार्या ने सभी प्रतिभागियों को संदेश प्रेषित कर यह भी कहा कि महात्मा गांधी और शास्त्री जी के जीवन से यदि हम संकल्पित होकर सीख ग्रहण कर ले तो आज की विषम परिस्थितियों में भी हम जीवन को सुचारू चला सकेंगे । सादगी, संयम और अहिंसा हमारे जीवन में सकारात्मकता को भर देंगे । प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पूर्ण सहयोग देने वाले प्रोफ़ेसर प्रदीप कुमार, देवेंद्र कुमार, ग्रीन कुमार, बवीता पवार एवं पूनम रानी के प्रयासों की प्राचार्या ने अत्यंत प्रशंसा की और कहां कि शिक्षक का निष्ठ कर्तव्य यही है कि हम अपनी संचित ज्ञान मंजूषा को अपनी आने वाली पीढ़ी को दें । परिषद प्रभारी प्रोफेसर दीपक कुमार ने उल्लास पूर्वक कहा की आज की प्रतिभागिता को देखते हुए महाविद्यालय द्वारा अगला आयोजन अवश्य ही राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा ।

परिषद प्रभारी प्रोफेसर दीपक कुमार

संयोजक प्रोफेसर संजय कुमार

प्राचार्या

राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)

3-10-2020

# राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

अमर क्रांति ब्यूरो



राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में महान विभूतियों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती राष्ट्रीय दिवस के रूप में उत्साह पूर्वक मनाई गई। जयंती समारोह केवल महाविद्यालय या जिला स्तर पर नहीं अपितु राज्य स्तर पर मनाया गया। प्राचार्या डॉ मंजुलता ने कहा कि दो अक्टूबर का दिन हम सब भारतीयों के लिए विशेष दिन है। इस दिन पैदा हुए महापुरुषों के जीवन से सीख लेने का दिन है। यह सीख और संस्कार हमारा केवल वैचारिक सीमित स्तर पर नहीं होनी चाहिए, अपितु जितना भी संभव हो सके, हम अपनी आने वाली संतति को गांधी जी और शास्त्री जी द्वारा दिए गए जीवन मूल्य एवं सिद्धांतों से जोड़े, इसीलिए महाविद्यालय की साहित्य परिषद द्वारा यह आयोजन ऑनलाइन माध्यम द्वारा राज्य के सभी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया।

प्रसन्नता का विषय यह रहा कि इस आयोजन में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य के 28 महाविद्यालयों के 136 प्रतिभावान प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। परिषद प्रभारी प्रोफेसर दीपक कुमार एवं संयोजक प्रोफेसर संजय कुमार ने बताया कि राज्य के 28 विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों का इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेना हर्ष का विषय रहा। परिषदप्रभारी एवं संयोजक के अनुसार विद्यार्थियों का अंक प्राप्त स्तर बहुत ऊंचा रहा। प्राइम स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर्स एजुकेशन, झज्जर की छात्रा पूनिया भारती ने प्रथम, धीरज राज ने द्वितीय और पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक की छात्रा संगीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

'विश्व हिन्दी दिवस'

10 जनवरी 2020

# सरकारी कॉलेज में हिंदी दिवस पर हुआ कार्यक्रम



हिंदी दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं। छाया

जींद, 11 जनवरी (ललित): विश्व हिंदी दिवस भारत भूमि में जन्मे और हिंदी को अपना प्राण मानने वाले के लिए एक विशेष दिन है, क्योंकि यह दिन केवल हम ही नहीं पूरा विश्व मना रहा है। आज इस गौरव दिवस पर राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा ने अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में भावी पीढ़ी के हृदय में निज भाषा हिंदी प्रति आदरणीय भाव रोपित करते हुए विशेष आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या और परिषद अध्यक्ष डॉ. मंजूलता रेढ़ू ने की।

उन्होंने हिंदी भाषा प्रति गर्वित भाव से कहा कि हमारी हिंदी हमारे संस्कारों की तरह से हमारे भीतर बसी है। यह भाषा मानवता का निर्माण करती है। हमारी हिंदी भावनात्मक और वैचारिक स्तर पर हमें और अधिक समृद्ध और ऊर्जावान करती है, उन्नत करती है। आयोजन में महाविद्यालय की 12x छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता की। हिंदी के विभागाध्यक्ष संजय कुमार ने प्रसन्न भाव से बताया कि विश्व हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर महाविद्यालय में निबंध लेखन, कविता लेखन और नारा लेखन ऑनलाइन प्रतियोगिताएं करवाई गई। निबंध लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष की छात्रा पिंकी प्रथम रही। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष की छात्रा मुस्कान प्रथम रही। कविता लेखन में द्वितीय वर्ष की छात्रा रीतु प्रथम रही। निर्णायक मंडल की भूमिका में रहे वाणिज्य विभागाध्यक्षा सवीता पंवार, गणित विभागाध्यक्षा सुरक्षा, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष दीपक कुमार, भूगोल विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष देवेन्द्र, इतिहास विभागाध्यक्ष प्रवीन कुमार ने सहयोगी बन निभाई। निर्णायक मंडल ने कड़ी दक्षता से निर्णय सुनाया। विभागाध्यक्ष ने सभी छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Tue,12 January 2021
Edition jind kesari, Page no. 4

दैनिक भास्कर जींद भास्कर 18-09-2021

DATE
PAGE NO.

# ऑनलाइन कविता लेखन में वीरांगना प्रथम

जींद | पिल्लूखेड़ा के राजकीय कॉलेज में राज्यस्तरीय ऑनलाइन कविता लेखन प्रतियोगिता हुई। इसमें करीब 55 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कविता लेखन में अम्बाला के डीएवी कॉलेज की छात्रा वीरांगना प्रथम स्थान पर रही।

पिल्लूखेड़ा के राजकीय कॉलेज की छात्रा मधु दूसरे नंबर पर, सोनीपत के जीवीएम कन्या कॉलेज की छात्रा तनीशा तीसरे स्थान पर रही। हिंदी विभागाध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि भाषा और संस्कृति ही देश की असली पहचान होती है। कॉलेज प्राचार्य बबीता पवार ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छिपी हुई प्रतिभा बाहर निकलकर आती है। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सुनील कुमार, धर्मबीर, सतबीर कुमार, दीपक कुमार, प्रदीप कुमार, देवेंद्र मौजूद रहे।

ऑनलाइन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता

हिन्दी दिवस
14 सितम्बर 2021

DATE
PAGE NO.

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा, जींद में महाविद्यालय की साहित्य परिषद् व हिंदी विभाग के द्वारा हिंदी दिवस (14 सितम्बर 2021) के उपलक्ष्य में ऑनलाइन राज्य स्तरीय कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालय के 55 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। इस प्रतियोगिता में डी.ए.वी महाविद्यालय अम्बाला (शहर) की बी.एस.सी. प्रथम वर्ष की छात्रा वीरांगना ने प्रथम स्थान, राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा जीन्द की प्रथम बी.ए वर्ष की छात्रा मधु ने द्वीतीय स्थान तथा डी.वी.एम. कन्या महाविद्यालय सोनीपत बी.एस.सी द्वीतीय वर्ष की छात्रा तनिशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिन्दी दिवस के सुअवसर पर श्री संजय कुमार हिंदी विभागाध्यक्ष ने कहा कि एक स्वतंत्र देश के लिए स्वयं की एक भाषा होती है। जो उस देश का मान सम्मान और गौरव होती है। भाषा और संस्कृति ही उस देश की असली पहचान होती है। विश्व में अनेक भाषाएँ बोली जाती है, इन सभी भाषाओं में हिंदी भाषा का अपना महत्त्व है। विश्व मे हिंदी भाषा दूसरे स्थान पर बोली जाती है इस सुअवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार जी ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि हिंदी मात्र एक भाषा ही नही, यह हमारी मातृभाषा है। हिन्दी भाषा को हीन भाषा ~~समान~~ न समझ कर गौरान्वित होना चाहिए। क्योंकि हिन्दी भाषा सर्वगुण संपन्न है, हमे अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी ताकि विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभा को बाहर निकाला जा सके। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में रहे डॉ सुमित कुमार, सहायक प्राध्यापक हिंदी, राजकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय पलवल (कुरुक्षेत्र), डॉ धर्मवीर जी, सहायक प्राध्यापक हिंदी, राजकीय महिला महाविद्यालय मतलौड़ा,

DATE
PAGE NO.

और, श्री सतबीर कुमार जी, सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग, इस सुअवसर पर श्रीमती सुरक्षा जी, श्री दीपक कुमार जी, श्री प्रदीप कुमार जी, श्री प्रवीन कुमार जी, श्री देविन्द्र जी मौजूद रहे।

प्रबंधक प्रभारी - [signature]

संयोजक — [signature]

[signature]
प्राचार्या —
Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

# पोस्टर बनाओ स्पर्धा में ओमपती प्रथम

जींद। राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेडा में हिंदी विभाग एवं साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर प्रतियोगिताएं हुईं। कार्यकारी प्राचार्य रमेश कुमार ने छात्राओं को बाबा साहब के विषय में विस्तार से बताया। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार ने बताया कि पोस्टर मेकिंग में ओमपती प्रथम, निशु द्वितीय और अनु तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण स्पर्धा में मेघा प्रथम, तुलसी द्वितीय और साक्षी तृतीय और स्लोगन लेखन में रितु प्रथम, कोमल द्वितीय और सुमन तृतीय स्थान पर रहीं। संवाद

# राजकीय कन्या कालेज में हुई प्रतियोगिताएं



पिल्लूखेड़ा के कन्या कालेज में आयोजित प्रतियोगिताओं की विजेता। (छवि)

पिल्लूखेड़ा के राजकीय कन्या कालेज में हिंदी विभाग एवं साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेदकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की कुल 55 छात्राओं ने प्रतिभागिता की और छात्राओं ने बाबा साहब के जीवन और उनके विचारों एवं महिलाओं को संविधान में दिए गए अधिकारों पर अपने विचार सांझा किए।

महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य रमेश कुमार ने छात्राओं को बाबा साहब के विषय में विस्तार से बताया। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार ने बाबा साहब के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए महापरिनिर्वाण शब्द का अर्थ बताया और कहा कि बौद्ध ग्रंथों के अनुसार महात्मा बुद्ध की मृत्यु को महापरिनिर्वाण माना जाता है। महापरिनिर्वाण एक संस्कृत भाषा से लिया गया शब्द है, जिसका अर्थ मृत्यु के बाद निर्वाण है।

पोस्टर पोस्टर मेकिंग में ओमपती प्रथम, निशु द्वितीय और अनु तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में मेघा प्रथम, तुलसी द्वितीय और साक्षी तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन राइटिंग में रीतू प्रथम, कोमल द्वितीय और सुमन तृतीय स्थान पर रही।

**OFFICE OF THE PRINCIPAL,**
**GOVT. COLLEGE FOR GIRLS, PILLUKHERA (JIND)**

Azadi Ka Amrit Mahotsav

**Memo No.** 954 **Date:** 07/12/2022

## Activity Report

### भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस

आज दिनांक 6 दिसंबर 2022 को राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेडा (जीन्द) के प्रांगण में हिंदी विभाग एवं साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वाधान में परम पूजनीय भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की कुल 55 छात्राओं ने प्रतिभागिता की और छात्राओ ने बाबा साहब के जीवन और उनके विचारों एवं महिलाओं को संविधान में दिए गए अधिकारों पर अपने विचार सांझा किए । महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य श्री रमेश कुमार ने छात्राओं को बाबा साहब के विषय में विस्तार से बताया। हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो संजय कुमार ने बाबा साहब के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए महापरिनिर्वाण शब्द का अर्थ बताया और कहा कि बौद्ध ग्रंथों के अनुसार महात्मा बुध्द की मृत्यु को महापरिनिर्वाण माना जाता है। महापरिनिर्वाण एक संस्कृत भाषा से लिया गया शब्द है जिसका अर्थ 'मृत्यु के बाद निर्वाण' है। परिनिर्वाण को कर्म, मृत्यु और जन्म के चक्र से मुक्ति माना जाता है। यह बौध्द कलैण्डर के अनुसार एक पवित्र दिन है। महात्मा बुध्द को इसी दिन मुक्ति मिली थी। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी श्री प्रदीप कुमार बताया कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष पर इन प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया।पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका साहित्य परिषद के प्रभारी एवं सहायक प्रोफेसर दीपक कुमार , प्रदीप कुमार और देवेंद्र ने; नारा लेखन में श्री प्रदीप कुमार और रमेश कुमार ने; एवं भाषण प्रतियोगिता में श्री रमेश कुमार, श्रीमती रविंद्र और श्री प्रदीप कुमार ने निभाई। पोस्टर पोस्टर मेकिंग में ओमपती प्रथम, निशु द्वितीय और अनु तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में मेघा प्रथम, तुलसी द्वितीय और साक्षी तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन राइटिंग में रितु प्रथम, कोमल द्वितीय और सुमन तृतीय स्थान पर रही ।इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, नॉन टीचिंग एवं छात्राओं ने बाबा साहब के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें कोटि कोटि नमन किया।

प्रभारी

प्राचार्य
Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

# OFFICE OF THE PRINCIPAL,
# GOVT. COLLEGE FOR GIRLS, PILLUKHERA (JIND)

Azadi Ka Amrit Mahotsav

**Memo No.** 1031-33 **Date:** 13/04/2023

# Activity Report

## LITERARY SOCIETY AND ACADEMIC SOCIETY

**दिनांक: 11.04.2023**

राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा में लिटरेरी और एकेडमिक सोसाइटी के द्वारा निबंध लेखन और कविता पाठ का आयोजन किया गया। लिटरेरी और एकेडमिक सोसाइटी के संयोजक श्री दीपक कुमार ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा, पंचकूला के आदेशानुसार प्रत्येक महाविद्यालय में गठित विभिन्न सोसाइटी के द्वारा प्रत्येक सेमेस्टर में कम से कम तीन प्रतियोगिताएं करवाना अनिवार्य है और उक्त आदेश के अनुपालनार्थ महाविद्यालय में इन प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। इन प्रतियोगिताओं में 24 छात्राओं ने भाग लिया। संजय कुमार और प्रदीप कुमार ने सह संयोजक की भूमिका निभाई। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सतीश कुमार, देवेंद्र, प्रदीप कुमार और संजय कुमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा निशा कुमारी ने मंच का संचालन किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा नैंसी प्रथम,बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अंजलि द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा सुमन तृतीय स्थान पर रही। निबंध लेखन प्रतियोगिता में यह प्रथम वर्ष की छात्रा हर्षिता प्रथम, ईशु द्वितीय और अनामिका तृतीय स्थान पर रही। प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**दिनांक: 12.04.2023**

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में लिटरेरी और एकेडमिक सोसाइटी के द्वारा समाचार पत्र वाचन प्रतिस्पर्धा का सफल आयोजन किया गया। समाचार पत्र वाचन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लिटरेरी और एकेडमिक सोसाइटी के संयोजक दीपक कुमार ने बताया कि समाचार पत्र पढ़ने की अच्छी आदत हमें राजनीति, अर्थव्यवस्था, मनोरंजन, खेल, व्यवसाय उद्योग, व्यापार और वाणिज्य के बारे में जानकारी देती है। समाचार पत्र पढ़ना न केवल हमारा सामान्य ज्ञान बढ़ाता है बल्कि भाषा कौशल और शब्दावली में भी हमें निपुण बनाता है। सह संयोजक प्रदीप कुमार ने कहां कि समाचार पत्र पढ़ने के इतने अधिक लाभ होने के बावजूद भी, आज की युवा पीढ़ी में यह आदत धीरे-धीरे कम होती जा रही है। इसका मुख्य कारण आधुनिक समाज में एंड्राइड फोन और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का बढ़ता हुआ उपयोग है। सह संयोजक श्री संजय कुमार ने कहा कि समाचार पत्रों से अर्जित ज्ञान हमें देश-विदेश की वर्तमान घटनाओं से संबंधित प्रत्येक चर्चा में भाग लेने में सक्षम बनाता है। निर्णायक मंडल की भूमिका असिस्टेंट प्रोफेसर देवेंद्र, संजय कुमार और प्रदीप कुमार ने निभाई। प्रोफेसर देवेंद्र कुमार ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं में हार और जीत का महत्व इतना अधिक नहीं होता जितना कि आपके द्वारा किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेना रखता है। आपको सफलता मिले या न मिले लेकिन आपके द्वारा सफलता के लिए किए गए अनवरत प्रयास आपके व्यक्तित्व में अप्रत्यक्ष रूप से निखार लाते रहते हैं। इस प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा निशा कुमारी ने प्रथम स्थान, बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा साक्षी ने द्वितीय स्थान और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा प्राची ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

Convener | Co-Convener | Principal

Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

# कविता पाठ में नैंसी, निबंध में हर्षिता अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में मंगलवार को लिटरेरी और एकेडमिक सोसाइटी द्वारा निबंध लेखन और कविता पाठ का आयोजन किया गया। इसमें हर्षिता और नैंसी अव्वल रहीं।

लिटरेरी और एकेडमिक सोसाइटी के संयोजक दीपक कुमार ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा पंचकूला के आदेशानुसार प्रत्येक महाविद्यालय में गठित विभिन्न सोसाइटी के द्वारा प्रत्येक सेमेस्टर में कम से कम तीन प्रतियोगिताएं करवाना अनिवार्य है और उक्त आदेश के अनुपालनार्थ महाविद्यालय में इन प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है।

ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 20 छात्राओं ने भाग लिया। संजय कुमार और प्रदीप कुमार ने सह संयोजक की भूमिका निभाई। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सतीश कुमार, देवेंद्र, प्रदीप कुमार और संजय कुमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा निशा कुमारी ने मंच का संचालन किया।



विजेता छात्राएं कॉलेज स्टाफ के साथ। विज्ञप्ति

## ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

कविता पाठ प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा नैंसी प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अंजलि द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा सुमन तृतीय स्थान पर रही। निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा हर्षिता प्रथम, ईशु द्वितीय और अनामिका तृतीय स्थान पर रही। विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

हरिभूमि
रोहतक - जींद
12 Apr 2023



जींद। प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को सम्मानित करते हुए। फोटो हरिभूमि

## काव्य पाठ में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा नैंसी प्रथम

जींद। राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में लिटरेरी और अकेडमिक सोसायटी के द्वारा निबंध लेखन और कविता पाठ का आयोजन किया गया। लिटरेरी और अकेडमिक सोसायटी के संयोजक दीपक कुमार ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग के आदेशानुसार प्रत्येक महाविद्यालय में गठित विभिन्न सोसायटी के द्वारा प्रत्येक सेमेस्टर में कम से कम तीन प्रतियोगिताएं करवाना अनिवार्य है। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 20 छात्राओं ने भाग लिया। संजय कुमार और प्रदीप कुमार ने सहसंयोजक की भूमिका निभाई। असिस्टेंट प्रो. डा. सतीश कुमार, देवेंद्र कुमार, संजय कुमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा निशा कुमारी ने मंच का संचालन किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा नैंसी प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अंजलि द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा सुमन तृतीय स्थान पर रही। निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा हर्षिता प्रथम, ईशु द्वितीय और अनामिका तृतीय स्थान पर रही। विजेता को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।


# समाचार पत्र वाचन स्पर्धा में निशा प्रथम

जींद। राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में लिटरेरी और अकेडमिक सोसायटी की ओर से समाचार पत्र वाचन प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। संयोजक दीपक कुमार ने बताया कि समाचार पत्र पढ़ने की अच्छी आदत हमें राजनीति, अर्थव्यवस्था, मनोरंजन, खेल, व्यवसाय, उद्योग, व्यापार और वाणिज्य के बारे में जानकारी देती है। समाचार पत्र पढ़ना न केवल हमारा सामान्य ज्ञान बढ़ाता है बल्कि भाषा कौशल और शब्दावली में भी हमें निपुण बनाता है। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा निशा कुमारी ने प्रथम, बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा साक्षी ने द्वितीय स्थान और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा प्राची ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सहसंयोजक प्रदीप कुमार ने कहा कि समाचार पत्र पढ़ने के इतने अधिक लाभ होने के बावजूद भी आज की युवा पीढ़ी में यह आदत धीरे-धीरे कम होती जा रही है। इसका मुख्य कारण आधुनिक समाज में एंड्रॉयड फोन और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का बढ़ता हुआ उपयोग है। सहसंयोजक संजय कुमार ने कहा कि समाचार पत्रों से अर्जित ज्ञान हमें देश-विदेश की वर्तमान घटनाओं से संबंधित प्रत्येक चर्चा में भाग लेने में सक्षम बनाता है। संवाद



प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा । विज्ञप्ति

# समाचार पत्र वाचन प्रतिस्पर्धा में निशा ने पाया प्रथम स्थान



राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में समाचार पत्र वाचन प्रतिस्पर्धा में भाग लेते विद्यार्थी। • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, जींद : राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में लिटरेरी और एकेडमिक सोसाइटी द्वारा समाचार पत्र वाचन प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका असिस्टेंट प्रोफेसर देवेंद्र, संजय कुमार और प्रदीप कुमार ने निभाई।

प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा निशा ने प्रथम स्थान, बीकाम प्रथम वर्ष की छात्रा साक्षी ने द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा प्राची ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लिटरेरी और एकेडमिक सोसाइटी के संयोजक दीपक कुमार ने कहा कि समाचार पत्र पढ़ने की अच्छी आदत हमें राजनीति, अर्थव्यवस्था, मनोरंजन, खेल, व्यापार और वाणिज्य के बारे में जानकारी देती है। समाचार पत्र पढ़ना न केवल हमारा सामान्य ज्ञान बढ़ाता है, बल्कि भाषा कौशल और शब्दावली में भी हमें निपुण बनाता है।

सह संयोजक प्रदीप कुमार ने कहा कि समाचार पत्र पढ़ने के इतने लाभ होने के बावजूद भी आज की युवा पीढ़ी में यह आदत धीरे-धीरे कम होती जा रही है। इसका मुख्य कारण आधुनिक समाज में एंड्रायड फोन और इलेक्ट्रानिक गैजेट का बढ़ता हुआ उपयोग है। सह संयोजक संजय कुमार ने कहा कि समाचार पत्रों से अर्जित ज्ञान हमें देश-विदेश की वर्तमान घटनाओं से संबंधित प्रत्येक चर्चा में भाग लेने में सक्षम बनाता है। प्रोफेसर देवेंद्र कुमार ने कहा कि प्रतियोगिताओं में हार और जीत का महत्व इतना अधिक नहीं होता, जितना किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेना रखता है।

Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा (जींद)

**Memo.No** 1035 **Date:** 15/04/2023

## Activity Report

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में महात्मा ज्योतिराव फुले और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओ पी गुप्ता जी ने शिरकत की। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी के बारे में विद्यार्थियों के साथ अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़- चढ़कर भाग लिया और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर व महात्मा ज्योतिराव फुले के जीवन के बारे में अपने विचार सांझा किए। कार्यक्रम संयोजक श्री संजय कुमार ,हिंदी विभागाध्यक्ष ने महात्मा ज्योतिराव फुले के सामाजिक परिवर्तन, नारी शिक्षा, उनके जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि हमारे महापुरुषों की जीवनी से शिक्षा लेते हुए उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए। प्रतियोगिता सह -संयोजक श्री दीपक कुमार, प्रभारी साहित्यिक परिषद ने छात्राओं को भारत के संविधान के बारे में अवगत करवाया तथा महात्मा ज्योतिराव फुले जी द्वारा नारी सशक्तिकरण हेतु किए गए विभिन्न कार्यों से अवगत करवाया इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक सदस्य मौजूद रहे। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका श्री रजत कुमार, श्री दीपक कुमार ,श्री ग्रीन कुमार ने निभाई। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्री प्रदीप कुमार,श्री देवेंद्र कुमार, और गैर-शैक्षणिक सदस्य श्री गोविंद, श्री संदीप, श्री यशपाल, श्रीमती सीमा और श्रीमती संतोष मौजूद रहे।

**भाषण प्रतियोगिता के परिणाम:-**

**प्रथम स्थान:** साक्षी, बी ए प्रथम वर्ष

**द्वितीय स्थान:** तमन्ना ,बी ए तृतीय वर्ष

**तृतीय स्थान:** सुमन ,बी ए प्रथम वर्ष

संयोजक
श्री संजय कुमार
हिंदी विभागाध्यक्ष

सह -संयोजक
श्री दीपक कुमार,
प्रभारी साहित्यिक परिषद

प्राचार्य
Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

# निबंध लेखन स्पर्धा में शिवकुमार पोस्टर मेकिंग में विशाल रहे प्रथम

संवाद सूत्र, नरवाना : राजीव गांधी राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में जलियांवाला बाग हत्याकांड स्मृति दिवस एवं डा. भीम राव आंबेडकर जयंती पर निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।

विद्यार्थियों ने बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। निबंध लेखन प्रतियोगिता में शिवकुमार ने प्रथम स्थान, आंचल ने द्वितीय और काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विशाल ने प्रथम स्थान, कर्मजीत कौर ने द्वितीय व रमन और सर्वोदय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एनएसएस प्रभारी विनोद कुमार व मनेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को डा. भीमराव आंबेडकर द्वारा दर्शाए गए मार्ग पर चलने का आग्रह किया। प्राचार्या प्रियंका चौधरी ने कहा कि जहां से अच्छी सीख मिलती है।

## भाषण प्रतियोगिता में साक्षी ने पाया प्रथम स्थान

जींद : राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्राचार्य डा. ओपी गुप्ता ने कहा कि हमें महापुरुषों की जीवनी से शिक्षा लेते हुए उनके पद चिह्नों पर चलना चाहिए। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा साक्षी, द्वितीय स्थान पर बीए तृतीय वर्ष की छात्रा तमन्ना व तृतीय स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की छात्रा सुमन रही।



पिल्लूखेड़ा के राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों का

# महाविद्यालय में किया भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



विजेता छात्राओं को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

सवेरा न्यूज/नरेंद्र जींद : राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में महात्मा ज्योतिराव फुले और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता ने शिरकत की। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी के बारे में विद्यार्थियों के साथ अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और डा. अंबेडकर व महात्मा ज्योतिराव फुले के जीवन के बारे में अपने विचार सांझा किए। कार्यक्रम संयोजक संजय कुमार, हिंदी विभागाध्यक्ष ने महात्मा ज्योतिराव फुले के सामाजिक परिवर्तन, नारी शिक्षा, उनके जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि हमारे महापुरुषों की जीवनी से शिक्षा लेते हुए उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक प्रदीप कुमार, देवेंद्र कुमार और गैर-शैक्षणिक सदस्य गोविंद, संदीप, यशपाल, सीमा और संतोष मौजूद रहे। भाषण प्रतियोगिता के परिणाम बीए प्रथम वर्ष से साक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तमन्ना, बी ए तृतीय वर्ष से तमन्ना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बीए प्रथम वर्ष से सुमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।